# समाचार

## महत्वपूर्ण मोबाईल नम्बर, मेल आई.डी. वेबसाईट पर डालेगा निगम

## ( नगर की स्वयंसेवी संस्थाओं, व्यवसायिक, औद्योगिक प्रतिष्ठानों से जानकारी उपलब्ध कराने किया आग्रह )

कोरबा –नगर पालिक निगम कोरबा अपनी वेबसाईट पर नगर के महत्वपूर्ण सम्पर्क पतों, मोबाईल नम्बरों एवं उनकी मेल आई.डी. आदि की जानकारी अपलोड किए जाने की योजना बना रहा है, निगम ने इस हेतु नगर की स्वयंसेवी एवं सामाजिक संस्थाओं, व्यवसायिक संगठनों तथा प्रतिष्ठानों से यह जानकारी निगम को उपलब्ध कराने का आग्रह किया है।

आमनागरिकों की सुविधा को देखते हुए नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा यह अभिनव पहल की जा रही है। नगर में अनेक स्वयंसेवी एवं सामाजिक संगठन कार्यरत है, साथ ही व्यवसायियों के भी अपने संगठन है तथा नगर में अनेक औद्योगिक प्रतिष्ठान स्थित हैं, इन सभी से सूचनाओं एवं जानकारियों का आदान–प्रदान करने हेतु संबंधितों के सम्पर्क पतें, मोबाईल एवं दूरभाष नम्बर के साथ–साथ मेल आई.डी. व व्हाट्सअप जैसे माध्यम की आवश्यकता होती है। इन माध्यमों से जानकारियों व सूचनाओं के आदान प्रदान में कम समय लगता है तथा समय एवं संसाधनों की बचत होती है। इसके मद्देनजर नगर पालिक निगम कोरबा ने नगर के समस्त स्वयंसेवी एवं सामाजिक संगठनों, क्लबों, व्यवसायिक व औद्योगिक प्रतिष्ठानों, चेम्बर आफ कामर्स, रोटरी क्लब, जेसीस क्लब, लायंस क्लब, सहित अन्य क्लबों व संस्थाओं से अपने सम्पर्क पते, मोबाईल, दूरभाष व व्हाट्सअप नम्बरों तथा मेल आई.डी. सहित अन्य संबंधित जानकारी निगम को उपलब्ध कराने का आग्रह किया है ताकि उक्त जानकारी निगम की वेबसाईट पर अपलोड की जा सके एवं यह महत्वपूर्ण जानकारियां आमजन को सुगमता से प्राप्त हो सके। उक्त जानकारी निगम की मेल आई.डी. **corporationkorba@gmail.com** पर भेजी जा सकती है। साथ ही निगम के डाटा सेंटर की मेल आई.डी. **nnkorba.datacenter@gmail.com** पर भी भेजी जा सकती है।